पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
*********
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः भाद्रपद **30, 1944**
बुधवारः **21** सितंबर **2022**

## रक्षा मंत्रालय ने 'स्पर्श' की पहुंच में विस्तार करने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा और एचडीएफसी बैंक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

रक्षा लेखा विभाग ने आज पूरे भारत में 14,000 से अधिक शाखाओं में पेंशन प्रशासन (रक्षा) (स्पर्श) पहल के अंतर्गत सेवा केंद्रों के रूप में शामिल करने हेतु बैंक ऑफ बड़ौदा और एचडीएफसी बैंक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार, वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) श्रीमती रसिका चौबे और रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) श्री अविनाश दीक्षित की उपस्थिति में श्री शाम देव, रक्षा लेखा नियंत्रक (सीडीए) पेंशन, पीसीडीए (पेंशन) प्रयागराज और बैंक ऑफ बड़ौदा तथा एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार ने कहा कि इसका उद्देश्य सितंबर, 2022 के अंत तक कुल 32 लाख रक्षा पेंशनभोगियों में से 17 लाख पेंशनभोगियों को **'स्पर्श'** पर लाना है और शेष पेंशनभोगियों को अति शीघ्र स्पर्श से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि पेंशन निपटान में औसत समय काफी कम होकर करीब 16 दिन रह गया है।

समझौता ज्ञापन के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा की 7900 से अधिक शाखाओं और एचडीएफसी बैंक की 6300 शाखाओं को सेवा केंद्रों के रूप में शामिल किया जाएगा, ताकि पेंशनभोगियों, विशेष रूप से देश के दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले कार्मिकों और जिनके पास 'स्पर्श' में लॉगऑन करने के साधन या तकनीकी साधन नहीं हैं, उन्हें निकटतम केंद्र से अंतिम केंद्र तक संपर्क की सुविधा प्रदान की जा सके। इन पेंशनभोगियों के लिए, सेवा केंद्र 'स्पर्श' के लिए एक इंटरफेस के रूप में काम करेंगे और पेंशनभोगियों को प्रोफाइल अपडेट अनुरोध करने, शिकायतों का पंजीकरण और निवारण करने, डिजिटल वार्षिक पहचान, पेंशनभोगी डेटा सत्यापन करने या मासिक पेंशन के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए एक प्रभावी माध्यम प्रदान करेंगे।

ये केंद्र 161 से अधिक डीएडी कार्यालयों और भारतीय स्टेट बैंक तथा पंजाब नेशनल बैंक शाखाओं के लगभग 800 सेवा केंद्रों और कोटक महिंद्रा बैंक की 14 शाखाओं के मौजूदा नेटवर्क का संवर्धन करेंगे। 4.5 लाख से अधिक ग्राम स्तरीय उद्यमी (वीएलई) साझा सेवा केंद्र (सीएससी) नेटवर्क के हिस्से के रूप में रक्षा पेंशनभोगियों की सहायता भी करेंगे। पेंशनभोगियों को इन सेवा केंद्रों तक पहुंच मुफ्त प्रदान की जाएगी, जिसमें नाममात्र सेवा शुल्क विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।

डिजिटल इंडिया पहल को प्रोत्साहन प्रदान करते हुए, 'वित्त वर्ष 2021-22 में तीव्र वृद्धि के साथ 'स्पर्श' से वितरण 11,600 करोड़ रुपये से अधिक है, जो वित्त वर्ष 2020-21 में लगभग 57 करोड़ रुपये था। 'स्पर्श' पर पेंशनभोगियों की कुल संख्या 11 लाख लाभार्थियों के साथ दस लाख से अधिक का आंकड़ा पार कर गई है, जो भारत में कुल रक्षा पेंशनभोगियों का लगभग 33 प्रतिशत है।

स्पर्श पेंशन दावों को संचालित करने और बिना किसी बाहरी मध्यस्थ के सीधे रक्षा पेंशनभोगियों के बैंक खातों में पेंशन जमा करने के लिए वेब-आधारित प्रणाली है। इसे एक ऑनलाइन पोर्टल (https://sparsh.defencepension.gov.in/) के माध्यम से रक्षा पेंशनभोगियों को उनके पेंशन खाते की पारदर्शी जानकारी प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो पेंशन शुरू होने की तारीख से लेकर अंतिम पात्र लाभार्थी को पेंशन दिए जाने तक पेंशनभोगियों की घटनाओं और हकदारियों का पूरा विवरण प्रग्रहण करता है और बनाए रखता है।

यह प्रणाली रक्षा लेखा विभाग द्वारा रक्षा लेखा (पेंशन), प्रयागराज के प्रधान नियंत्रक के माध्यम से संचालित की जाती है और तीनों सेवाओं तथा संबद्ध संगठनों को सेवाएं प्रदान करती है। औपचारिक शुरुआत से प्रणाली नए सेवानिवृत्त कार्मिकों के लिए सेवाएं प्रदान कर रही है और अब इसे मौजूदा रक्षा पेंशनभोगियों को कवर करने के लिए विस्तारित किया जा रहा है।

**एबीबी/डीएस**